बोर्ड का था, न कि केन्द्रीय जल तथा विद्युत् श्रायोग का। केन्द्रीय सिंचाई व बिजली बोर्ड प्रति वर्ष इस प्रकार के सत्रों का भ्रायोजन करता है जिन में सामान्य प्रशासनिक व तकनीकी विषयों पर विचारविमर्श किया जाता है। इन वार्षिक सत्रों के साथ-साथ केन्द्रीय सिंचाई व बिजली बोर्ड सामयिक विषयों पर गोष्ठियों का भी भ्रायोजन करता है। 23 नवम्बर, 1967 को 'सिंचाई जल का प्रबन्ध' भ्रौर 'ग्राम विद्युतन में बिजली पारेषण के लिये निष्क्रय तार का प्रयोग' सम्बन्धी दो विषयों पर विचार गोष्ठियां की गई। इन वार्षिक समारोहों में भिन्न-भिन्न परियोजनाभ्रों की कार्य प्रगति पर विचार विमर्श नहीं होता।

मैसर्स उषा मार्टिन ब्लैक लिमिटेड से आयकर की वसूली

5237. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वित्त मन्त्री 10 भ्रगस्त, 1967 के भ्रतारांकित प्रश्न संख्या 8764 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स उषा मार्टिन ब्लैक (वायर रोप) लिमिटेड से भ्रायकर की वसूली करने के बारे में इस बीच जानकारी प्राप्त कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; भ्रौर

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) भ्रौर (ख). भ्रपेक्षित सूचना एकत्र की गई थी भ्रौर दिए गए भ्राश्वासन को पूरा करने से सम्बन्धित विवरण-पत्र सदन की मेज पर दिनांक 12-12-1967 को प्रस्तुत किया गया था। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या LT-2128/67]

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

कलकत्ता की फर्मों से आयकर की बकाया राशि

5238. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलकत्ता की किन फर्मों तथा सार्थों पर भ्रायकर की राशि बकाया है भ्रौर उनका पूरा ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उन व्यक्तियों से जिन पर भ्राय-कर की राशि बकाया है ब्याज सहित भ्राय-कर वसूल करने के लिए सरकार का कोई निर्णय करने का विचार है; भ्रौर

(ग) भ्राय-कर की बकाया राशि कब तक वसूल किए जाने की संभावना है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है। जिन निर्धारितियों पर तारीख 31-3-1967 को भ्रायकर बकाया निकलता था, उनकी संख्या भ्रकेले कलकत्ता के भ्रायकर भ्रायुक्त (केन्द्रीय) के कार्यक्षेत्र में ही 1050 थी। कलकत्ता की सभी फर्मों तथा कम्पनियों के सम्बन्ध में भ्रपेक्षित सूचना एकत्र करने में बेहद समय भ्रौर श्रम लगेगा।

(ख) देरी से की गई भ्रदायगियों पर ब्याज लगाने तथा बकाया कर की वसूली के साथ उस ब्याज की भी वसूली करने की व्यवस्था कानून में पहले से ही है।

(ग) यह कहना सम्भव नहीं है कि बकाया भ्रायकर के कब तक वसूल हो जाने की संभावना है। बकाया भ्रायकर की शीघ्र वसूली के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

CONTRABAND GOLD

5239. SHRI YAJNA DATT SHARMA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the total amount of contraband gold which was seized by Government during the last six months and in which State the seizure was the highest;